तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 30 दिसंबर 2024




12 संजयनगर में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा पहले दिन निकाली ...





10 ओबीसी महासभा का धरना प्रदर्शन आज...



# 6 साल में नहीं बढ़ी गन्ने की कीमत, अब धान फसल लेने की तैयारी में जुटे गन्ना उत्पादक किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गन्ने के विक्रय मूल्य में वृद्धि नहीं होने के कारण जिले के गन्ना किसानों को जहां परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर उनकी नाराजगी भी बढ़ती जा रही है।

गन्ने की कीमत नहीं बढ़ने से हो रहे नुकसान के कारण गन्ना किसान अब गन्ने की फसल लेने से पीछे हटने लगे हैं। इसके साथ ही उनका कहना है कि वर्तमान में लगी फसल उखाड़कर उसकी जगह धान उगाने की बात कह रहे हैं।

जिले के गन्ना उत्पादक किसानों का कहना है कि गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ने से धान की तुलना में घाटा हो रहा है। लगातार हो रहे घाटे व धान के बढ़ते मूल्य को देखते हुए जिले के किसान अब गन्ने की जगह धान की फसल लेने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए वे वर्तमान में लगी गन्ने की फसल को उखाड़ने की तैयारी में लगे हैं। ग्राम चिरईगोड़ी के गन्ना किसान नीलकंठ, करण, डिलेश्वर साहू, सुनिल, महेन्द्र ने बताया कि पिछले छह साल से हम 355 रुपए क्विंटल में गन्ना बेचते आ रहे हैं। 6 साल बाद भी गन्ने का मूल्य 355 रुपए से एक रूपये नहीं बढ़ा है। हम पिछले 6 साल से यही उम्मीद ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ किसानों ने कहा- कीमत नहीं बढ़ने से हर साल हो रहा घाटा

### मूल्य नहीं बढ़ने पर निकाली भड़ास

किसानों ने कहा कि गन्ना किसान क्या किसानों की श्रेणी में नहीं आते, जो उनकी ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब गन्ना कोई नहीं लगाना चाहता और गन्ने के साथ दलहन तिलहन व सब्जी की फसले लगाने वाले कम होते जा रहे हैं। हर कोई धान की फसल ही लगाना चाहता है, ताकि सरकार द्वारा मिलने वाले अधिक मूल्य का लाभ उसे मिल सके, जिससे आगे सिर्फ धान के ही किसान दिखेंगे।



### खाद, दवाई, मजदूरी सब की कीमत बढ़ी

किसानों ने बताया कि छह सालों में सभी वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि हुई है। किसानी कार्य में उपयोग होने वाले सामानों के साथ ही दवाई व मजदूरी में वृद्धि हुई है। 6 साल पहले गन्ना कटाई 50 रुपए प्रति क्विंटल थी और ढुलाई 30 से 35 रुपए प्रति क्विंटल थी। वहीं, अब कटाई 80 से 85 रुपए व ढुलाई 50 से 60 रुपए प्रति क्विंटल तक बढ़ गई है। वहीं, खाद, दवाई एवं मजदूरी सभी चीज के रेट बढ़ गए हैं, लेकिन गन्ना का रेट 6 साल से सिर्फ 355 ही है, यह गन्ना उत्पादक किसानों के साथ अन्याय है।

## खबर संक्षेप

### गुण्डरदेही में तहसील स्तरीय बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम कल

**गुण्डरदेही।** तहसील स्तरीय बाबा गुरु घासीदास जयंती तहसील



सतनामी समाज गुण्डरदेही द्वारा 31 दिसंबर को तहसील सतनाम भवन प्रांगण में मनाई जाएगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सोनादेवी देशलहरा होंगी, अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही नीलकंठ टंडन करेंगे। तहसील अध्यक्ष नीलकंठ टंडन ने बताया कि दीप प्रज्वलित प्रातः 11 बजे एवं प्रभातफेरी 12 बजे से 2 बजे तक निकाली जाएगी।

### गंगोरीपार में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज से

**गुरूर।** ग्राम गंगोरीपार में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ एवं नारी सशक्तिकरण उपासना वर्ष के तहत 30 दिसंबर से तीन दिवसीय दीप यज्ञ एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण का आयोजन किया गया है। इसके तहत 30 दिसंबर को 12 बजे कलश यात्रा निकाली जायेगी। 3 बजे देव स्थापना संगीत प्रवचन एवं संध्या 6 बजे देव यज्ञ का आयोजन किया गया है। 31 दिसंबर को प्रातः 9 बजे संक्षिप्त यज्ञ, 10 बजे संगीत प्रवचन, प्रज्ञा पुराण कथा, 1 जनवरी 2025 को प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार होंगे, 3 बजे से प्रवचन, प्रज्ञा पुराण कथा एवं समापन होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डढ़ारी सरपंच कामता प्रसाद साहू होंगे, अध्यक्षता बासीन सरपंच परमिला हिरवानी करेंगी।

### भारतीय किसान संघ की बैठक आज

**बालोद।** भारतीय किसान संघ जिला बालोद एवं गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला बालोद की बैठक 30 दिसम्बर को 12 बजे गुण्डरदेही स्थित साहू सदन में रखी गई है। भारतीय किसान संघ बालोद के अध्यक्ष सांवत राम साहू ने बताया कि बैठक में जिला, तहसील के पदाधिकारियों, गन्ना उत्पादक किसान, धान, सब्जी एवं अन्य किसान उपस्थित रहेंगे। बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी भोपाल से एवं प्रदेश संगठन मंत्री तुला राम प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

### बोरतरा में संगीतमय मानस सम्मेलन 1 जनवरी से

**गुरूर।** ग्राम बोरतरा में नव ज्योति मानस समिति द्वारा दो दिवसीय संगीतमय मानस सम्मेलन का आयोजन 1 व 2 जनवरी को किया गया है। 3 जनवरी को ग्राम में मड़ई मेला रखा गया है। इस अवसर पर रात्रि में मोर मयारू बेटा नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। मानस सम्मेलन में 1 जनवरी को प्रातः 8 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। 9 बजे मूर्ति पूजा, 10:30 बजे अतिथियों का स्वागत एवं दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। शाम 4 बजे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजारी बालोद भैयाराम सिन्हा होंगे, अध्यक्षता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोषण लाल साहू करेंगे।

## विरोध : डोंडी थाने का घेराव करने की तैयारी में थे समाज के सैकड़ों लोग

# सामाजिक कार्य में पुलिस हस्तक्षेप पर बिफरा गोंडवाना समाज, मुश्किल से शांत हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

सामाजिक कार्य में पुलिस हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए गोंडवाना समाज ने जोरदार आक्रोश व्यक्त किया। हालांकि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की समझाइश और मामले में 15 दिनों में कार्यवाही का आश्वासन देने पर उन्होंने थाना घेराव स्थगित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सामाजिक कार्य में पुलिस हस्तक्षेप बंद करने की मांग को लेकर शनिवार दोपहर को गोंडवाना समाज के लोग सैकड़ों की संख्या में ब्लॉक के गांव-गांव से डोंडी पुलिस थाना के समीप गोंडवाना भवन में एकत्र हो गए। वे थाना घेराव की योजना बना रहे थे, परंतु एडीशनल एसपी, नगर पुलिस अधीक्षक और सामाजिक पदाधिकारियों के साथ चर्चा में उपरोक्त विषय पर 15 दिनों में पुलिस द्वारा कार्यवाही का आश्वासन देने पर मामला शाम को शांत हुआ।

■ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने 15 दिनों में कार्रवाई का दिया आश्वासन



### थाने के आसपास बड़ी संख्या में तैनात रहा पुलिस बल

इस बीच इसकी भनक लगने पर पुलिस प्रशासन द्वारा थाने के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। वहीं, एडिशनल एसपी मनीषा ठाकुर, सीएसपी डॉ चित्रा वर्मा डोंडी थाने में ही बैठकर स्थिति पर नजर रखे हुए थे। इस बीच सामाजिक भवन में गोंडवाना समाज के लोगों की कई दौर की बैठक हुई। विचार विमर्श के बाद गोंडवाना समाज के ब्लॉक अध्यक्ष आत्माराम कौडों भोलाराम नेतांम गंगाराम दर्रो मोहन हीडको देवेंद्र सिन्द्रामे गणेश सेवता के साथ पुलिस अधिकारियों की चर्चा हुई। चर्चा में सामाजिक लोगों की मांग पर 15 दिनों में कार्रवाई का आश्वासन पुलिस अधिकारियों ने दिया, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

### क्या है पूरा मामला

ज्ञात हो कि पिछले दिनों डोंडी थाना क्षेत्र के ग्राम घोटिया में गोंडवाना समाज द्वारा गांव के हिमाचल गावड़े से सामाजिक दंड स्वरूप कुछ रुपए लिए गए थे। इससे नाराज होकर हिमाचल ने डोंडी पुलिस थाने में गांव के गोंड़ समाज के मुखिया धन्नू नुरूटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके बाद पुलिस ने पूछताछ के साथ ही सामाजिक गतिविधियों को दर्ज किये जाने वाले रजिस्टर को जब्त कर धन्नू के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया था। पुलिस की कार्रवाई से समाज के लोग नाराज हो गए। उन्होंने कार्रवाई का विरोध करते हुए थाना प्रभारी मनीष कुमार को डोंडी से हटाये जाने की मांग की। गोंड़ समाज के खिलाफ कार्रवाई की सूचना मिलने पर ब्लॉक के हर गांव से लोग इकट्ठा होने लगे और इस तरह से करीब 6 से 7 सौ लोगों की भीड़ थाने के पास गोंडवाना भवन में इकट्ठा हो गई। इस दौरान थाना घेराव करने की तैयारी की जा रही थी।

# खत्म नहीं हो रहा नेवारीकला के ग्रामीणों का इंतजार, इस साल भी पुल बनने को लेकर संशय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आगामी चुनाव आचार संहिता के कारण ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणों की तांदुला नदी में पुल बनने का इंतजार लंबा होता जा रहा है और ग्रामीण इस समस्या से छुटकारा पाने की राह ताक रहे हैं।

आगामी नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव होने के कारण कुछ दिनों बाद आचार संहिता लगने की अटकलें तेज हो गई हैं, जिसके कारण ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणों को आशंका है कि इस साल पुनः उन्हें तांदुला नदी में पुल नसीब नहीं हो पाएगा। इसके कारण आगे आने वाली बरसात में पुनः उन्हें नदी में आने वाली बाढ़ की समस्या का सामना करना पड़ेगा। जहां पिछले कई सालों से पुल बनाने की मांग ग्रामीण करते आ रहे हैं लेकिन जैसे ही ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणों को लगता है इस वर्ष उन्हें नदी में पुल के रूप में सबसे बड़ी सौगात मिल जाएगी और वर्षों की समस्या दूर हो जाएगी। लेकिन, या तो सरकार बदल जाती है या तो अन्य चुनाव का समय आ जाता है और ऐसे ही कई पंचवर्षीय कार्यकाल बीतते बीतते आज तक ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणों को पुल नसीब नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि जहां पूर्व में बजट में राशि पास होने की बात आने के बाद ग्राम में विभागों द्वारा मैपिंग करके सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ आगामी चुनाव के लिए आचार संहिता लगने के बाद कार्य प्रारंभ नहीं होने का सता रहा डर

# गुरूर पहुंची विहिप की सामाजिक समरसता यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विश्व हिंदू परिषद की सामाजिक समरसता यात्रा 29 दिसंबर को नगर गुरुर पहुंची। इस यात्रा का शुभारंभ 25 दिसंबर को गंडई ग्राम नर्मदा के नर्मदा मैया मंदिर से प्रारंभ हुई थी। यात्रा छुई खदान खैरागढ़, राजनंदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, डौंडीलोहारा, अंबागढ़ चौकी, मानपुर मोहला, दल्ली राजहरा होते हुए गुरुर पहुंची, जहां राम जानकी मंदिर में सभा को संतों ने संबोधित किया। उन्होंने यात्रा के उद्देश्य के संबंध में बताया।

वक्ताओं ने कहा कि भाईचारा एकता बनाए रखना है। भेदभाव,ऊंच-नीच की भावना व जातपांत की भावना का हमारे धर्म में कोई स्थान नहीं है। छुआछूत के विचारों को समाप्त करना, छुआछूत की भावना को दूर रखकर जातपात की करो विदाई हिंदू हिंदू भाई–भाई का संदेश हमारे संतों द्वारा दिया गया, सारे जातपात, भेदभाव को भुलाकर अपनी समरस भावना की स्थापना सारे समाज में हो ऐसा संदेश संतों द्वारा दिया गया, जिसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करना है। समरसता यात्रा में बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति संगठन और नगरवासियों के सहयोग आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष चैलेश देशमुख, जिला सह मंत्री जयंत साहू, गुरुर प्रखंड ▶▶| शेष पेज 10 पर





# ओबीसी आरक्षण बढ़ा नहीं सकते, तो कम भी न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ओबीसी महासभा द्वारा धरना प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ पंचायत राज एवं नगर पालिका निगम संशोधन अध्यादेश 2024 में संशोधन कर ओबीसी को संख्या के बराबर आरक्षण प्रदान करने की मांग करते हुए कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा है।

■ ओबीसी महासभा मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ संशोधन अध्यादेश 2024 द्वारा प्रकाशित राजपत्र में मूल अधिनियम की धारा 11 की उपधारा दो धारा 11 क का उपाधारा 1 के अधीन अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों का कुल आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक होने की स्थिति में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए स्थान आरक्षित नहीं किये जाने का उल्लेख किया है।

इसी प्रकार छत्तीसगढ़ पंचायत राज संशोधन अध्यादेश 2024 (क्रमांक 3 सन 2024) छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 765 में मूल अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के खंड (दो) मूल अधिनियम की धारा 23 की उप–धारा (3) के खंड (दो), धारा 25 की उप–धारा (2) के खंड (दो), धारा 30 की उप–धारा 3 के खंड (दो) एवं मूल अधिनियम की धारा 32 की उप–धारा (2) के खंड 2 के स्थान पर प्रतिस्थापित क्रमशः ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत एवं राज्य में यदि अनुसूचित जातियों और अथवा अनुसूचित जनजातियों के लिए 50 प्रतिशत या 50 प्रतिशत से अधिक स्थान आरक्षित हो, वहां अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं किए जाने का उल्लेख है, जो कि अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों के साथ अन्याय है। चूंकि अनुसूचित क्षेत्र में निवासरत ओबीसी समुदाय भी सामाजिक एवं शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ा है। संविधान के अनुच्छेद 16(4) में उचित आरक्षण का प्रावधान है एवं 50 प्रतिशत की सीमा निर्धारित नहीं है। 50 प्रतिशत सीमा निर्धारण संबंधी उच्चतम न्यायालय के निर्णय में यह सिद्धांत भी प्रतिपादित किया गया है कि किसी क्षेत्र में निवासरत दूरस्थ क्षेत्र के व्यक्तियों ▶▶| शेष पेज 10 पर






## जु जित्सू सब जूनियर राज्यस्तरीय स्पर्धा में 14 जिलों के 230 खिलाड़ी हुए शामिल

# राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण सहित 20 पदक जीते






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर में आयोजित जु जित्सू सब जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन मार्शल आर्ट एकेडमी संस्कार शाला बालोद में किया गया।

जु जित्सू एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के कोषाध्यक्ष एवं मार्शल आर्ट एकेडमी बालोद के मुख्य कोच सुरेश शांडिल्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बालोद, राजनादगांव, बस्तर, कांकेर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, सरगुजा, बिलासपुर, कबीरधाम, महासमुंद, मनेंद्रगढ़ जिला के प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं उपाध्यक्ष राज्य एथलेटिक्स संघ छत्तीसगढ़ सौरव लूनिया थे, अध्यक्षता महासचिव जु जित्सू एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ राणा अजय सिंह ने की। इस प्रतियोगिता में लगभग 230 खिलाड़ियों ने भाग लिया। **चयनित सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में होंगे शामिलः** जु जित्सू एसोसिएशन ऑफ बालोद के अध्यक्ष कमलेश सोनी, उपाध्यक्ष नितिन यादव, संरक्षक राजेश सोनी, सह सचिव मिथलेश चंदन, कोषाध्यक्ष तामेश्वर प्रसाद, बालोद जिले के सहायक कोच प्रांजलि शांडिल्य, लिलेश्वर ठाकुर, आर्यन साहू, नूतन कुमार, चिंतपूर्णा एवं सोनम साहू ने जितने वाले सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया। बालोद जिले के मुख्य कोच सुरेश शांडिल्य ने बताया कि नेशनल के लिए चयनित सभी खिलाड़ी आगामी माह में असम में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की टीम से भाग लेंगे।

### इन खिलाड़ियों ने मारी बाजी

बालोद जिले से 18 प्रतिभागी खिलाड़ियों ने भाग लिया और 6 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक एवं 8 कांस्य पदक जीते। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी अश्विक ध्रुव, धीर खरे, कनिका, दीप्ती हैं। वहीं, रजत पदक जीतने वाले भावार्थ, भूमि श्री, निष्का साहू और कांस्य पदक जीतने वाले टुकेश्वर पिस्दा, पुस्कल सिवना, डामेश कुमार, विशा भुआर्य, आराध्या सार्वा, जानवी, सेजल, पूरब डहरे ने जीत हासिल किया।

### पेट्रोल पंप में लूटपाट, आरोपी पकड़ाए

**भिलाई।** पेट्रोल पंप में लूटपाट करने वाले दो फरार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पंप के छत्रपाल साहू ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। उसके बाद नंदिनी पुलिस ने जांच शुरु किया और अपचारी बालक और एक युवक को गिरफ्तार किया था। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि नंदिनी पुलिस एसीसीयू की टीम ने फरार थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी ग्राम कोडिया निवासी बंटी उर्फ ओंकार यादव, नरेश यादव को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब हो कि मेडेसरा में स्थित बोथरा पेट्रोल पंप से 19-20 दिसंबर की दरम्यानी रात चार युवकों ने पेट्रोल भरवाने के नाम पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। पंप से आरोपियों ने 28 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए थे।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों के पंजीकरण की अंतिम तारीख 31 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जिन निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण एक वर्ष या उससे अधिक समय से समाप्त हो चुका है और जिन्होंने आज तक पंजीकरण नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है, वे 31 दिसंबर 2024 तक आवेदन कर सकेंगे। निर्माण श्रमिक अपनी पंजीकरण नवीनीकरण प्रक्रिया श्रमेव जयते मोबाईल ऐप, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र की विभागीय वेबसाइट व च्वाइस सेंटर से कर सकेंगे। वहीं 31 दिसंबर 2024 के बाद जिनका पंजीकरण नवीनीकरण नहीं होगा, उन्हें अपंजीकृत माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केन्द्र के हेल्पलाइन नंबर 0771-3505050 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जिले में 12 हजार 680 टन धान की खरीदी

**रायपुर।** जिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी की जा रही है। अब तक 139 उपार्जन केंद्रों से 964 करोड़ 43 लाख रुपए लागत के 4 लाख 19 हजार 167 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। वहीं शनिवार को जिले में 29 करोड़ 17 लाख रुपए कीमत की 3624 किसानों से 12 हजार 680 टन धान खरीदी की गई।

### शिवसेना ने सौंपा थाना प्रभारी को ज्ञापन

**रायपुर।** शिवसेना शिंदे गुट के रायपुर जिला उपाध्यक्ष देवराज साहू के नेतृत्व में न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में बढ़ रहे अपराध, सूखा नशा के विरोध में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही करने की मांग की गई। देवराज साहू ने बताया सूखा नशा के कारण ही जगह–जगह लूट–पाट, चाकूबाजी को बढ़ावा मिल रहा है जिसके कारण शहर का माहौल खराब हो रहा है। और शहर में सूखा नशा का व्यापार राजेन्द्र नगर थाना केअंतर्गत खूब फल रहा है जिसको बंद कराने की मांग को लेकर शिवसेना रायपुर जिला इकाई के द्वारा सैकड़ो की संख्या में थाना के बाहर प्रदर्शन कर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मुख्य रूप से आशीष परिडा, संजय सोनकर, धनंजय, परमेश्वर के साथ सैकड़ो की संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे।

### राज्यपाल ने 'लघु अटल' विकास को किया सम्मानित

**रायपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशती के अवसर पर राजभवन में काव्यांजलि का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्यपाल रमेन डेका ने अटलजी से जुड़े संस्मरणों को याद करते हुए उन्हें विराट व व्यक्तित्व का धनी बताया। अटलजी पर केंद्रित काव्यपाठ में अटलजी की भाव-भंगिमाओं के साथ ही हूबहू उन्हीं की शैली में उनकी कविताओं का पाठ, विचारों की अभिव्यक्ति बेहद जीवंत प्रभावी ढंग से विकास शर्मा ने प्रस्तुत की। राज्यपाल श्री डेका ने छत्तीसगढ़ सहित राष्ट्रीय स्तर पर लघु अटल के नाम से ख्यात विकास शर्मा को अनूठी प्रतिभा के लिए प्रतीक चिन्ह एवं राजकीय गमछा से सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में जनसंपर्क अधिकारी के पद पर सेवारत विकास शर्मा पहले भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, सीएम विष्णुदेव साय, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समेत अनेक वरिष्ठ नेताओं के समक्ष अटलजी की कविताओं की प्रस्तुति दे चुके हैं।

## निधन

### बसंत कुमार आडिल



**गुरूर।** ग्राम पीपरछेड़ी निवासी बसंत कुमार आडिल का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे बोधुराम साहू, पुरण राम साहू के भाई एवं सुभाष कुमार, भानु राम, देवेंद्र कुमार के पिता थे।

---

#### तालाब के पास किया जाएगा वाटर प्रोसेसिंग पिट निर्माण, डीएमएफ से 3 लाख स्वीकृत

# शीतला तालाब में नहीं जाएगा नालियों का गंदा पानी, पहले किया जाएगा साफ

**पार्षद माया ने कहा- शीतला तालाब में साफ पानी जाने से धार्मिक भावनाएं नहीं होंगी आहत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद माया जयेश ठाकुर के सक्रिय प्रयास से प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर शीतला तालाब के पास वाटर प्रोसेसिंग पिट निर्माण कार्य के लिए 3.00 लाख रुपये की स्वीकृति खनिज न्यास मद से नगर पंचायत डौंडी लोहारा को प्राप्त हुई है।

पार्षद माया जयेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद नगरीय क्षेत्रों के विकास तथा नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार राशि स्वीकृत किया जा रहा है और इसी क्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के समस्याओं एवं विकास कार्यों के प्रति संवेदनशीलता के साथ साथ प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा समस्याओं के निराकरण में त्वरित निर्णय लेने की कार्यशैली के साथ ही भाजपा नेताओं के सक्रियता के लिए सांसद कांकेर भोजराज नाग, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा देवलाल ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा सहित जिले एवं मंडल के सभी भाजपा नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी वरिष्ठ नेताओं के सहयोग से वार्ड क्रमांक 06 में स्थित शीतला तालाब में आने वाले गंदे पानी को साफ एवं स्वच्छ करने के लिए 3.00 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है।



**धार्मिक आस्था का केंद्र है शीतला तालाब**

पार्षद माया जयेश ठाकुर ने बताया कि वार्ड क्रमांक 06 में स्थित माँ शीतला मंदिर स्थानीय राज परिवार के साथ साथ नगर के लोगों के लिए धार्मिक आस्था का केंद्र है। माँ शीतला मंदिर के पास स्थित शीतला तालाब में नगर के अनेक वार्डो का गंदा पानी प्रतिदिन सीधे-सीधे बह कर आता है, जिससे शीतला तालाब का पानी लगातार गंदा हो रहा है। शीतला तालाब में नगर का गंदा पानी बह कर आने से नगरवासियों की आस्था आहत हो रही थी। पार्षद माया जयेश ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में आ रहे गंदे पानी को तत्काल शीतला तालाब में आने से रोकने की व्यवस्था नगर पंचायत प्रशासन द्वारा नहीं किये जाने से शीतला तालाब के पहले वाटर प्रोसेसिंग पिट निर्माण कार्य के लिए 3.00 लाख रुपये की स्वीकृति खनिज न्यास मद से प्राप्त किया गया है।

प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर खनिज शाखा द्वारा वाटर प्रोसेसिंग पिट निर्माण कार्य के लिए 3.00 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति नगर पंचायत को प्रदान किया गया है। बहुत जल्द ही नगर पंचायत प्रशासन द्वारा उक्त पिट निर्माण के लिए टेंडर आमंत्रित किया जाएगा तथा पिट निर्माण हो जाने के बाद नगर के अनेक वार्डो का गंदा पानी पहले पिट में आएगा तथा नगर वासी शीतला तालाब में साफ एवं स्वच्छ पानी का उपयोग करने लगेंगे।

---

# डड़सेना कलार समाज ने किया व्याख्याता डा. साहसी का सम्मान




**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा में पदस्थ डा. बीएल साहसी व्याख्याता जिसे छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उनके साहित्यिक लेखन के लिए 5 सितंबर 2024 को राज्यपाल पुरस्कार से राजभवन में सम्मानित किया गया था, आज उन्हें उसी परिप्रेक्ष्य में छ.ग.कलार डड़सेना समाज द्वारा शाल श्रीफल व मेमोंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी थे, अध्यक्षता युवराज सिन्हा प्रदेश अध्यक्ष छ.ग. कलार डड़सेना समाज ने की। विशेष अतिथि के रूप में श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य मंत्री छ.ग. शासन, योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद, संगीता सिन्हा विधायक बालोद ,बिसम्बर सिन्हा कोषाध्यक्ष छ.ग. कलार समाज, देवेंद्र जायसवाल भूतपूर्व सदस्य छग पिछड़ा वर्ग आयोग आदि थे। इस अवसर पर मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि आज कलार समाज हर क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ चुका है तथा समाज की युवा पीढ़ी हर क्षेत्र में विकास कर रही है।

उन्होंने समाज के लिए भवन निर्माण, नयापारा रायपुर चौक को सहस्त्रबाहु अर्जुन के नाम पर रखने की घोषणा की। ज्ञात हो कि इसके पूर्व डॉ साहसी शिक्षा रत्न 2023,कर्मवीर पुरस्कार 2024,विश्व शिक्षक दिवस पर तथा महात्मा ज्योतिबा फूले पुरस्कार 2024 से सम्मानित हो चुके हैं।

---

# दल्लीराजहरा में नए वर्ष के स्वागत की तैयारियां जोरों पर






हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष 2024 की विदाई और नए वर्ष 2025 के स्वागत को लेकर दल्लीराजहरा शहर में तरह-तरह के आयोजन की तैयारी चल रही है।

नगर के विभिन्न होटल और रिसोर्ट में नए वर्ष को लेकर भवय आयोजन की तैयारियां हो रही हैं। दल्ली राजहरा शहर में नया वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। शहर के लोग इस खास मौके को धूमधाम से मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों और बच्चों द्वारा दी जाएंगी। वहीं, शहर के मुख्य स्थानों को लाइट्स से सजाया जाएगा। इसके साथ ही मंदिरों में पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन के कार्यक्रम होंगे। वहीं, युवाओं के लिए म्यूजिक पार्टी और डीजे नाइट की भी व्यवस्था हो सकती है। इसी तरह स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉलों में लोगों की भीड़ जुटने का अनुमान है।

# बद्री बिशाल की भूमि चमत्कारों से भरी है

**डौंडीलोहारा।** श्री जामड़ी पाटेश्वर धाम के संचालक संत राम बालक दास महात्यागी ने देवभूमि उत्तराखण्ड के चार धामों के बारे में बताया जिसमें एक बद्रीनाथ में बिजली चमकती है पर कड़कती नहीं, जोर की बारिश होने पर भी बादल गरजते नहीं, कुत्ते भौंकते नहीं, सांप-बिच्छू के काटने से जहर नहीं फैलता, जिससे स्पष्ट होता है कि प्रकृति का इन पर नियंत्रण है।



■ संत राम बालक दास महात्यागी ने बताई बद्रीनाथ धाम की विशेषता

तपस्या में लीन बद्री बिशाल को कोई विघ्न बाधा नहीं पहुंचाते। श्री पाटेश्वरधाम के आनलाईन सत्संग में संत श्री रामबालकदास जी ने कहा कि नर नारायण की तपस्या के आलोक से संपूर्ण बद्रीबिशाल का पर्वत आभा से भर गया। समस्त जीव-जंतुओं ने जहर छोड़कर बैर भाव का त्याग कर दिया है। नदियां शीतल हो गयी हैं, बर्फ पिघलने लगा है, जहां जल की एक बूंद भी नहीं थी वहां जल का प्रवाह हो रहा है, आकाश ने भी मौन धारण कर लिया है, हवा भी बहती है तो सरसराहट की आवाज नहीं आती। ध्यानमुद्रा में बैठे भगवान विष्णु के ध्यान में कोई भी खलल डालने की धृष्टता नहीं करता। बाबा जी ने कहा कि सनातन के सभी तीर्थों, धामों की कोई न कोई विशेषता होती है। जैसे जगन्नाथ धाम में सात आश्चर्य हैं वैसे ही बद्रीनाथ भी विज्ञान से ऊपर उठकर अद्भुत, अलौकिक क्षमताओं के लिये प्रसिद्ध है।

# मड़वापथरा में अभा हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज ने धूमधाम से मनाया शक्ति दिवस



हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

ब्लॉक के ग्राम मड़वापथरा में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज द्वारा शक्ति दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम माँ दंतेश्वरी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके बाद सामाजिक बंधुओं ने विभिन्न खेल-कूद कुर्सी दौड़, मटका फोड़, कबड्डी, जलेबी दौड़ जैसी गतिविधियों में भाग लेकर सामाजिक एकता एवं भाईचारे का परिचय दिया। साथ ही समाज के झुमुक लाल चुरेंद एवं अर्जुन सिंह सहारे के सेवानिवृत्त होने पर शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।साथ ही खेल कूद में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले समाज के लोगों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सामाजिक बच्चों ने रिकॉर्डिंग डांस में बढ़-चढ़ कर अपनी प्रस्तुति दी। इस बीच सामाजिक पदाधिकारी गैंदलाल धनेंद्र, सुभेलाल नायक, नरोतम बावरे,नरेंद्र धनेंद्र,कामता कुलेंद्र,गोपी ठाकुर,शेखर सहारे,अजय सहारे, रमशिला तारम,सीता सहारे युवा प्रकोष्ठ,महिला प्रकोष्ठ के साथ बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरुण नायक ने किया।

---

# युवा पहले कैरियर बनाएं, फिर अपने जीवन की इच्छाओं को पूरा करें : संत परमानंद





हरिभूमि न्यूज ▸▸ डोंडी

राजनांदगांव जिले से प्रारंभ हुई यात्रा तीसरे दिन बालोद जिले के विभिन्न गांवों में भ्रमण करती हुई डोंडी पहुंची, जहां स्थानीय वार्ड के लोगों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा नगर भ्रमण करते हुए दुर्गा मंदिर पहुंची जहां जनसंवाद हुआ।

■ डोंडी पहुंची राजनांदगांव जिले से प्रारंभ हुई यात्रा

जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुये डोंडी नगर के गौ सेवा हिन्दू धर्म रक्षक जीवन धनकर ने कहा कि भाईचारे को भाईचारे की तरह मजबूत बनाएं। किसी को चारा मत समझें। उन्होंने कहा कि ऐसी यात्राओं से समाज के सभी वर्ग एक साथ मिलकर सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। सामाजिक समरसता की यात्राओं से समाज में एकता का संदेश जाता है। भारतीय संस्कृति समस्त मानव जाति के कल्याण के विचार को लेकर कार्य करती है। संतों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही आपसी भाईचारे व समरसता को मजबूत किया जा सकता है। इसी मार्ग से समाज को एकजुट किया जा सकता है। आज के दौर में सभी वर्गों की एकता व भाईचारा जरूरी है।

संत परमानंद ने कहा कि हिन्दुस्तान अगर हिंदू राष्ट्र बन गया तो अच्छा ही होगा। साधु संतों की यात्राओं को लेकर कहा कि यात्रा को लोग राजनीतिक दृष्टि से ना देखें। इसे सामाजिक समरसता की दृष्टि से देखना है, व्यक्ति का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि युवा अपने जीवन को दो भागों में बांटे पहले कैरियर बनाएं, फिर अपने जीवन की इच्छाओं को पूरा करें। युवा अपनी छोटी-छोटी इच्छाओं को पूरा करने के लिए अपने भविष्य को दांव पर ना लगाएं। उन्होंने कहा कि प्रकृति किसी के साथ भेदभाव नहीं करती, उसी प्रकार मानव को भी एक दूसरे से भेदभाव नहीं करना चाहिए। प्रकृति द्वारा दिए गए फल, वन, नदी, वायु आदि समस्त तत्व जिस प्रकार बिना भेदभाव के प्रकृति सभी के लिए सामान रखती है, उसी प्रकार व्यक्ति को एक दूसरे से बगैर भेदभाव के सभी के साथ सामान्य रूप से व्यवहार करना चाहिए। उसके बाद संत ने प्रसाद बाँट कर समाज को समरसता का संदेश दिया गया।

**समाज के उत्थान के लिए निकाली जा रही यात्रा**

संत परमानंद ने बताया कि साधु संतों द्वारा लोगों को जीवन जीने की विधा सिखाने के लिए एवं समाज के उत्थान के लिए पूरे जिले में स्नेह यात्रा के माध्यम से कार्य किया जा रहा है।कार्यक्रम में संतो द्वारा सभी समाज के प्रमुखो को माला पहना कर अभिनंदन किया। मंच में संत ओमकार दास विनोद गिरी गोस्वामी अध्यक्ष बालोद अखिल भारतीय संत समिति पं पीयूश शर्मा बाबाजी बौध रथयात्रा प्रभारी अरुण गुप्ता विश्व हिन्दू परिषद विभाग मंत्री ओमप्रकाश अग्निहोत्री राजनांदगांव अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद लाल मुनाई सिंग जिला संपर्क प्रमुख राजनांदगांव और सम्पूर्ण कार्यक्रम में डोंडी विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल की मुख्य भूमिका थी। इसमें अजय अग्रवाल, सत्या साहू,मनीष झा, दिनेश अग्रवाल,रुपेश नायक,प्रेम शुक्ला, शिवम दुबे, राजेंद्र नाहर, विशाल जैन, रुपेश ढेलड़ियि, निखिल अग्रवाल, आकाश बोरकर, सहित अन्य जुटे थे।

# ओबीसी महासभा का धरना प्रदर्शन आज, तैयारियों को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ डोंडी

नगरीय निकाय चुनाव के लिए पिछड़ा वर्ग समाज को वंचित किये जाने के विरोध में सोमवार को अन्य पिछड़ा वर्ग समाज द्वारा डोंडी में किए जाने वाले धरना प्रदर्शन की तैयारी को लेकर रविवार शाम को डोंडी के रेस्ट हाउस में समाज के ब्लॉक अध्यक्ष छगन यदु की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि उक्त धरना प्रदर्शन के लिए डोंडी ब्लॉक के गांव-गांव से ओबीसी समाज के लोग सम्मिलित होंगे और 11 बजे से लोगों का आना प्रारंभ हो जाएगा। 12 बजे से रेस्टहाउस से रेली निकाली जाएगी, जो थाना चौक बाजार चौक दुर्गा चौक जवाहर पारा चौक मुख्य मार्ग से होते हुए मथाई चौक पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो जाएगी। बैठक में हिंसा राम साहू जीवन धनकर पदुम सोनी तेजराम साहू श्यामलाल सोनार जगत यादव शिव राम रनघाटी लेखराम साहू भुनीराम साहू आदि लोग सम्मिलित हुए।

---

#### ग्राम दियाबाती में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन आज

# भगवान के प्रति विश्वास और समर्पण के बिना सद्गति नहीं मिलती : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

ग्राम दियाबाती में 22 दिसंबर से भागवत कथा का आयोजन किया गया है, जिसका आज समापन होगा। भागवत कथा का आयोजन मां अन्नपूर्णा महिला समिति द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है।

भागवत कथा में कथा वाचन पंडित सौरभ शर्मा बाबू महाराज कर रहे हैं। 30 दिसंबर को गीतासार, हवन पूर्णाहुति एवं कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा के साथ भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन होगा। भागवत कथा में परीक्षित मनराखन साहू व लक्ष्मीबाई साहू हैं।






कथा के दौरान पंडित शौरभ शर्मा ने कहा कि मन की व्यथा को दूर कर दे, वही भागवत कथा है। भगवान के प्रति विश्वास एवं समर्पण के बिना सद्गति नहीं मिलती। परमात्मा के चरणों में पूर्ण आसक्ति रहनी चाहिए। विश्वास एवं श्रद्धा से किए गए कार्य में यदि त्रुटि रह भी जाए, तो भी भक्त वत्सल भगवान पार लगा देते हैं। शौरभ शर्मा ने कहा कि आज का आनंद, आज ही मिल सकता है दूसरे दिन नहीं मिल सकता, इसलिए प्रतिदिन भागवत भक्ति में लीन रहकर भगवत भक्ति का आनंद लेते रहना चाहिए। पंडित शर्मा ने कहा कि जीवन में धन जरूरी है, लेकिन धन के प्रति आसक्ति मुक्ति मार्ग में बाधक है। उन्होंने कहा कि भक्ति त्याग, विरक्ति की भावना के साथ होनी चाहिए। वैराग्य की प्राप्ति ही कथा का आधार है। सांसारिक जीव जीवन के बाद साथ नहीं देते, लेकिन भगवान जीवन में व जीवन के बाद भी साथ देते हैं। शरीर की उपयोगिता तब है, जब वह भगवान के द्वार तक पहुंचे। मुख की उपयोगिता तब है, जब वह भगवान की भक्ति करे, कानों की उपयोगिता तब है जब वह भगवान का महात्म्य सुने।

भागवत कथा में लक्ष्मी साहू, लता साहू, शिवकुमार साहू, रूखमणी साहू, दसरी साहू, गोमती साहू, कविता साहू, सरोज मेश्राम, पुलिया साहू, धनेश्वरी यादव, सुलेखा साहू, मीना साहू, केसरी साहू, सतरूपा साहू, धनेश्वरी साहू, हीरा साहू, राजकुमारी साहू, मोना यादव, तामेश्वरी साहू, द्रौपदी साहू, सीमा गेडाम, सरस्वती साहू के साथ ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका है।

## पेज 9 के शेष

### 6 साल में नहीं बढ़ी गन्ने की ...

में गन्ना लगाते आ रहे हैं कि आज नहीं तो कल गन्ने की कीमत में वृद्धि होगी, लेकिन कीमत नहीं बढ़ी। उन्होंने कहा कि धान के मूल्य में पिछले 6 साल में 16–17 सौ तक की वृद्धि हुई है। इसके कारण अब हमारे सब्र का बांध टूट गया है और अब हम गन्ने की फसल लगाकर स्वयं घाटे में नहीं रहना चाहते।

### खत्म नहीं हो रहा नेवारीकला ...

गया था तथा कई दिनों तक विभाग के इंजीनियरों द्वारा मशीनों के साथ पुल के लिए मैपिंग की गई थी, जिसके बाद जहां जमीन परीक्षण के लिए मशीन भी लगा दी गई थी, जिससे ग्रामीणो की उम्मीदें जाग चुकी थी कि अब पुल बनकर ही रहेगा। लेकिन उस मैपिंग और जमीन परीक्षण के दो साल बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ।

### गुरूर पहुंची विहिप ...

अध्यक्ष लोकेश साहू, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश साहू, जितेंद्र शर्मा, हरीश टूवानी, राकेश अटल, बजरंग दल से दुष्यंत कुमार साहू, अनमोल राज ओझा, मनन गैंगबर, मनीष साहू, रूपेंद देवदास, छबि लाल, प्रेमसाय कलिहारी, संदीप साहू, खिलेंद्र साहू एवं सभी सदस्य गण और गुरुर नगर दानी टोला के सभी नगर व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### ओबीसी आरक्षण ...

की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा को शिथिल कर सीमा बढ़ाई जा सकती है। ओबीसी समुदाय ने छत्तीसढ़ शासन से कहा है कि यदि ओबीसी आरक्षण में बढ़ोत्तरी नहीं कर सकती तो पूर्व से प्राप्त आरक्षण को कम भी न करें। इसलिए 3 दिसंबर 2024 को पारित अध्यादेश को संविधान के अनुच्छेद 16 (4) के अनुरूप अन्य पिछड़ा वर्ग को समुचित आरक्षण दिया जाए, अन्यथा ओबीसी महासभा चरणबद्ध उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय नृत्य स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहीं समृद्धि

**रायपुर।** काशीधाम अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव सुर छंदम बीएसयू वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ की समृद्धि यादव ने इस कठिन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। समृद्धि कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा में कक्षा चौथी की छात्रा हैं। पढ़ाई के साथ-साथ वे तीरंदाजी भी करती हैं और गुरु हरीश बहादुर से भरतनाट्यम नृत्य की शिक्षा ले रही हैं। इस उपलब्धि का श्रेय समृद्धि ने काशी विश्वनाथ एवं अपने नाना पीआर अहीर, नानी सुनीता अहीर, पिता डॉ. संजीव कुमार यादव एवं माता डॉ. डॉली अहीर को दिया है।

### कोडिन सिरप बरामद तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** प्रतिबंधित नशीली कोडिन सिरप के साथ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास 53 शीशी सिरप जब्त किया गया है, जिसके संबंध में उनके पास कोई आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले। डीडीनगर पुलिस को सूचना मिली थी कि इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के समीप दो लोग नशीली दवा बेचने के फिराक में घूम रहे है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कॉलोनी के सूरज कलेत एवं राकेश साहू को हिरासत में लिया। उनके पास रखे थैले में प्रतिबंधित नशीली पदार्थ कोडिन सिरप मिला।

### मारपीट-फसाद का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** मारपीट के कई मामलों में फरारी काट रहे बदमाश अमर बाघ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डॉ. राजेंद्र नगर में रहने वाले आरोपी अमर के खिलाफ मच्छी ताण्डी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसे चाकू से मारकर चोट पहुंचाई थी। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था और सिविल लाइंस पुलिस ने उसके खिलाफ अपराध दर्ज किया था। आदतन बदमाश होने की वजह पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी और सूचना मिलते ही उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चाकू भी बरामद किया गया है।

### क्रियान्वयन समिति बैठक आज

**रायपुर।** पर्यावरण, वन और जलवायु पर्यावरण मंत्रलाय भारत सरकार के निर्देशन में गठित रायपुर शहर स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक 30 दिसंबर को गांधी सदन में आयोजित है। दोपहर 12 बजे होने वाली बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए चर्चा होगी। बैठक में बिरगांव नगर निगम आयुक्त, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन, क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक यातयात, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन, कार्यपालन अभियंता 15 वें वित्त आयोग और नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी शामिल होंगे।

# निक्षय निरामय अभियान, 18 सौ को फूड बास्केट और 5 सौ को बढ़ी राशि का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


टीबी संक्रमितों की पहचान कर उन्हें उपचार की सुविधा दिलाने के लिए चलाए जा रहे निक्षय निरामय अभियान के तहत अब तक 18 सौ को फूड बास्केट और पांच सौ मरीजों को बढ़ी हुई पोषण राशि का भुगतान किया गया है। अभियान के दौरान अब तक आठ सौ संदिग्ध मरीजों का पता चला है जिनकी जांच के बाद पुष्टि की जाएगी।

देश को तपेदिक मुक्त करने के लिए विभिन्न तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत सौ दिन निक्षय निरामय योजना की शुरुआत करीब बीस दिन पहले की गई है। अभियान में हाईरिस्क की श्रेणी में आने वाले रायपुर समेत 19 जिलों में स्क्रीनिंग के माध्यम से टीबी मरीजों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। संदिग्ध मिलने वालों की विभिन्न माध्यमों से जांच की जा रही है। अब तक की जांच में करीब आठ सौ संदिग्ध मरीजों का पता चला है, जिनकी अंतिम पुष्टि के बाद निशुल्क उपचार व्यवस्था में शामिल किया जाएगा। दूसरी ओर जांच के दौरान पुराने संक्रमितों को भी शासन की योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक इन जिलों के करीब 1800 संक्रमितों को फूड बास्केट का वितरण किया गया है, वहीं पांच सौ मरीजों को उपचार अवधि के दौरान मिलने वाली दो गुनी पोषण राशि का लाभ दिलाया गया है।

## टीबी संक्रमितों की पहचान के लिए 19 जिलों में अभियान

### छह माह फूड बास्केट और छह हजार रुपए

निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी संक्रमितों को छह माह तक प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का फूड बास्केट उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए उन्हें हर महीने एक हजार के हिसाब से छह हजार की पोषण राशि प्रदान की जाती है। पूर्व में यह राशि पांच सौ रुपए थी, जिसे बढ़ाकर एक हजार किया गया था। निक्षय निरामय योजना के साथ ही इस राशि के वितरण की शुरुआत भी की गई है।



### रायपुर-दुर्ग में ज्यादा संदिग्ध

इस अभियान के दौरान रायपुर और दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा टीबी संक्रमितों का पता चला है। रायपुर जिले में 200 तथा दुर्ग में 105 संदिग्ध सामने आए हैं। दोनों जिलों में आबादी अधिक होने की वजह से संदेहियों की संख्या अधिक होने का तर्क दिया जा रहा है, जबकि अन्य जिलों में इनकी संख्या सौ से कम है। कोंडागांव जिले में सबसे कम तीन संदेहियों का पता चला है।

# अवैध ठेले-गुमटियों की भरमार, 23 जगह वेंडिंग जोन का प्लान, 3 साल में 4 बना पाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में अवैध ठेले व गुमटियों की भरमार ने ट्रैफिक व्यवस्था की बखिया उधेड़ कर रख दी है। प्रशासन और नगर निगम 3 साल बाद भी इस खामी को सुधार नहीं पाये। शहर में फुटकर ठेले, गुमटी और फेरीवालों के लिए टाउन वेंडिंग कमेटी ने 70 वार्डों में सर्वे कराने के बाद 64 वेंडिंग जोन तय किये थे। कमेटी के आदेश पर इसमें राजधानी में 23 वेंडिंग जोन चिन्हांकित हुए, पर केवल 4 जगहों पर ही वेंडिंग जोन सुव्यवस्थित रूप से संचालित हैं। बाकी 19 जगहों पर आज तक वेंडिंग जोन शुरू नहीं हो पाए। इसके कारण शहर में अवैध ठेले व गुमटियों की भरमार है। इससे आए दिन ट्रैफिक जाम से लोग त्रस्त हैं।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत फुटकर वेंडरों की स्थिति जानने 3 साल पहले शहरभर में वेंडरों का सर्वे कराया गया, जिसमें 7 हजार वेंडर चिन्हांकित किये गये। इसके बाद नगर निगम के 70 वार्डों में नगर वेंडिंग कमेटी सिफारिश के बाद इन वेंडरों के लिए 64 जगह वेंडिंग जोन तय किये गये। कमेटी से 23 जगहों पर वेंडिंग जोन बनाने के आदेश के बाद भी मात्र 19 जगहों पर वेंडिंग जोन फाइल से बाहर नहीं निकल पाये। 4 जगहों में से ईदगाहभाठा जोन कार्यालय से आरकेसी गेट तक, केनाल रोड के बाजू अहिल्या बाई चौक, मोवा ओवरब्रिज के नीचे सहित एक अन्य जगह पर वेंडिंग जोन शुरू हो पाया।

### 19 अब तक शुरू नहीं




### इन जगहों पर तय हैं वेंडिंग जोन

- सिंधी मार्केट मौदहापारा गली नंबर 1 लक्ष्मी स्टेशनरी गली
- सिंधी मार्केट मौदहापारा गली नंबर 2 पंजाब एंड सिंध बैंक गली
- गली नंबर 3 मौदहापारा थाना के सामने
- गली नंबर 4 गुजराती गेस्ट हाउस
- केनाल रोड के बाजू अहिल्या बाई होल्कर चौक
- कैलाशपुरी ढाल से मारवाड़ी श्मसानघाट मार्ग
- ईदगाहभाठा जोन 5 कार्यालय के पास आरकेसी गेट से सुलभ तक सड़क के दोनों ओर
- भाठागांव चौक से आटो स्टेंड के पास
- मठपुरैना त्रिमूर्ति मंदिर के सामने
- छत्तीसगढ़ बोर्ड आफिस के पास टैगोर नगर
- हीरापुर बाजार पानी टंकी के पास
- रायपुरा विसर्जन कुंड के पास दोनों ओर
- एक्सप्रेस -वे तेलीबांधा थाना रोड से शीतला माता नर्सरी एक्सप्रेस-वे हाइवे के नीचे
- भनपुरी थाना के पास
- खमतराई एचटीपी प्लांट के पास पौनी पसारी स्थल पर
- खमतराई ओवरब्रिज के नीचे
- गुढ़ियारी पड़ाव
- गोंदवारा अंडरब्रिज स्थित पीडबल्यूडी निर्मित गार्डन के पास
- मोवा ओवर ब्रिज के नीचे एक तरफ

- **अब तक मिले करीब आठ सौ संदिग्ध, पुष्टि के लिए होगी जांच**

# ऑनलाइन विदेशी सामान भेजने का झांसा देकर 25 लाख की ठगी, चार जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- **झारखंड से गिरफ्तार आरोपी ने महिला को विदेशी सामान बेचने का झांसा देकर बनाया था ठगी का शिकार**

ऑनलाइन विदेशी सामान भेजने का झांसा देकर महिला से 25 लाख 20 हजार रुपए ठगी करने के आरोप में आमानका थाने की पुलिस झारखंड, धनबाद से चार जालसाजों को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाई है। जालसाजों ने सात माह पूर्व महिला को ठगी का शिकार बनाया था। जालसाजों के खिलाफ पुलिस को देश के कई अन्य राज्यों में भी ठगी करने की जानकारी मिली है। जालसाजों ने और किन-किन राज्यों में ठगी की है, इस संबंध में पुलिस, जालसाजों से पूछताछ कर रही है।

अनुराधा सिंह से ठगी के आरोप में पुलिस ने झारखंड, धनबाद निवासी साकुर अहमद, राजा मुराद, अरसद अंसारी तथा मोहम्मद सबा करीम को गिरफ्तार किया है। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पास 12 मई को अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने महिला को झांसा दिया कि वह ऑनलाइन सामान बेचने का काम करता है। जालसाज के झांसे में आकर महिला ने



ऑनलाइन विदेशी सामान मंगाने का आर्डर दिया। आर्डर देने के कुछ दिन बाद जालसाज के एक साथी ने अपने आपको कस्टम ऑफिसर बताकर महिला के कस्टम ड्यूटी तथा अन्य चार्ज के नाम पर अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराया।

### दूसरे के अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर निकाले

पुलिस के अनुसार जालसाज ने अनुराधा से प्राप्त ठगी की रकम को दूसरे के अकाउंट में ट्रांसफर कर एटीएम के माध्यम से निकाला है। आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करने जब भी धनबाद पहुंचती तो आरोपियों को पुलिस के आने की जानकारी मिल जाती थी। पुलिस के आने की जानकारी मिलने पर आरोपी अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर देते थे। पुलिस ने जालसाजों को धनबाद पुलिस की मदद से ट्रेस कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

# मानसिक रूप से बीमार महिला का रेप, हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**कोतवाली थाना क्षेत्र में तीन माह पूर्व की घटना**



कोतवली थाना क्षेत्र के टिकरापारा स्थित पुजारी पार्क के पास तीन माह पूर्व मानसिक रूप से बीमार महिला की मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। महिला की लाश संदिग्ध हालत में ऑटो डील के सामने एक चारपहिया वाहन में मिली थी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही थी। पीएम रिपोर्ट में महिला की रेप के बाद गला घोंटकर हत्या की पुष्टि ते बाद पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज के आधार पर महिला के साथ रेप, हत्या के आरोप में दो लड़कों को गिरफ्तार किया है।

महिला की लाश पुलिस को आठ सितंबर को मिली थी। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पुलिस को सब कुछ सामान्य मिला। मौके पर सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल करने पर बाइक सवार दो युवक घटनास्थल के पास संदिग्ध हालत में दिखे थे। पहले पुलिस ने महिला की सामान्य मौत मानकर मर्ग कायम कर मामले की जांच की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद संदिग्ध हालत में बाइक सवार जो दो युवक दिखे थे, पुलिस ने उनके संबंध में जानकारी जुटाई। पतासाजी करने पर लड़कों की पहचान सफाई कर्मी भाठागांव निवासी सिद्धार्थ दीप उर्फ उड़चंद तथा दाउद दीप के रूप में हुई। घटना के बाद पुलिस ने सिद्धार्थ को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपने साथी के साथ मिलकर महिला का रेप, हत्या का अपराध कबूल किया।

# डूमरतराई में निगम की 2 एकड़ जमीन पर बनेगा इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- **निगम आयुक्त ने मांगा प्लान**
- **बांड प्लान में लाने की तैयारी**

डूमरतराई में नगर निगम की 2 एकड़ खाली पड़ी जमीन पर थोक इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट बनेगा। इसके लिए निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने प्रभारी कार्यपालन अभियंता से प्रस्ताव मांगा है। व्यापार-व्यवसाय की व्यापक संभावना और डूमतराई थोक मार्केट की नजदीकी को देखते हुए निगम इसे बांड के रूप में लाने की तैयारी में है। नगर निगम आयुक्त ने शनिवार को राजधानी में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया। पचपेड़ी नाका से पुराना धमतरी रोड के डिवाइडर में पेंटिंग और सौंदर्यीकरण कार्य की प्रगति देखी।



निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने प्रभारी कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा की उपस्थिति में जोन 10 क्षेत्र के माध्यम से ठेका एजेंसी से कराये जा रहे कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। जोन 10 के जोन कमिश्नर और कार्यपालन अभियंता को रोड डिवाइडर में पेंटिंग और सौंदर्यीकरण कार्य की सतत मानिटरिंग करने और कार्य को जल्द पूरा करने निर्देश दिये। डूमतराई मार्केट में नगर निगम की 2 एकड़ जमीन सालों से खाली पड़ी है। पूर्व में इस जमीन पर पीपी मोड में बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर बनाने की योजना रही। इसके लिए सर्वे भी कराया गया, पर बात नहीं बनी। डूमतराई मार्केट का विस्तार होने के बाद इस बेशकीमती जमीन पर अब थोक इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट बनेगा। इसके लिए निगम आयुक्त ने भौतिक और तकनीकी सर्वे कराकर जल्द प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये हैं। प्रस्ताव को सक्षम स्वीकृति के लिए भेजा जायेगा।

# 930 करोड़ की बिजली के तारों को अंडर ग्राउंड करने की योजना को केंद्र सरकार का झटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की फुंडहर से तेलीबांधा, जयस्तंभ चौक होते हुए टाटीबंध तक के बिजली के तारों को अंडरग्राउंड करने की योजना अब खटाई में पड़ गई है। 930 करोड़ की योजना राज्य सरकार से मंजूरी के बाद केंद्र सरकार के पास भेजी गई थी। केंद्र सरकार से यह योजना लंबे समय बाद अंततः नामंजूर हो गई है। केंद्र सरकार से इस योजना के लिए मदद न मिलने के कारण अब यह योजना पूरी नहीं हो सकेगी। इस योजना को पूरा करना है, तो इसके लिए पूरे पैसे राज्य सरकार को खर्च करने पड़ेंगे। ऐसे में फिलहाल योजना को टाल दिया गया है। राजधानी को स्मार्ट सिटी बनाने के दिशा में कई काम हो रहे हैं। शहर के अंदर बिजली के तारों का जाल बिछा हुआ है। अलग-अलग योजनाएं बनाकर बिजली तार हटाने की योजना पर काम हो रहा है। कुछ योजनाओं पर स्मार्ट सिटी खुद काम कर रही है। इसमें बूढ़ातालाब के चारों तरफ के तार अंडरग्राउंड किए गए हैं। इसके पहले स्मार्ट सिटी ने पॉवर कंपनी को आधा दर्जन से ज्यादा मार्गों के तार अंडरग्राउंड करने का काम दिया था, पर इसके टेंडर में गड़बड़ी के कारण पॉवर कंपनी से स्मार्ट सिटी ने पैसे वापस भी ले लिए थे। अब इस पर स्मार्ट सिटी लिमिटेड खुद काम कर रहा है। इधर पॉवर कंपनी भी अपनी योजनाओं पर काम कर रही है।

पॉवर कंपनी ने एक बड़ी और लंबी योजना तैयार की थी। इस योजना में वीआईपी रोड फुंडहर चौक से लेकर टाटीबंध तक केबल अंडरग्राउंड किए जाने थे। इस मार्ग पर फुंडहर से राम मंदिर के पास वीआईपी चौक से तेलीबांधा, मरीन ड्राइव, भगत सिंह चौक, नगर घड़ी, शास्त्री चौक, जयस्तंभ चौक, तात्यापारा चौक, आजाद चौक, पं. रविशंकर विश्वविद्यालय, महोबा बाजार होते हुए टाटीबंध चौक तक पूरे मार्ग के तार अंडरग्राउंड करने का काम होना था।

आवेदन आमंत्रित

पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)

अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।

- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।

आवेदन करें

Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

# प्रधान न्यायाधीश, विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया केंद्रीय जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर के नवपदस्थ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रमेश कुमार चौहान ने शनिवार को रायपुर केंद्रीय जेल पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल के पुरुष एवं महिला सेल को देखा। साथ ही जेल परिसर एवं जेल बैरकों की सफाई व्यवस्था तथा कैदियों को दिए जाने वाले भोजन आहार का भी निरीक्षण किया। न्यायाधीश बीपी वर्मा ने जेल में स्थापित लीगल एड क्लिनिक के क्रियान्वयन का अवलोकन किया। साथ ही लीगल एड डिफेन्स काउंसिल एवं न्यायमित्र (पीएलवी) को वहां रहने वाले कैदियों को हरसंभव विधिक सुविधा प्रदान किए जाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कोई भी बंदी बिना विधिक प्रतिनिधि या अधिवक्ता के न रहे, यह सुनिश्चित करने को कहा। न्यायाधीश ने विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से कैदियों को लीगल एड क्लीनिक की कार्यशैली के बारे में जानकारी दी और कैदियों को उनके अधिकारों के बारे में बताया। इस बातचीत के दौरान न्यायाधीश ने व्यक्तिगत रूप से कैदियों की परेशानियों को भी सुना। न्यायाधीश ने जेल के हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया और वहां उपस्थित चिकित्सकों से बातचीत कर भर्ती मरीजों की जानकारी ली।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पात्र उम्मीदवारों की सूची निगम में की गई चस्पा

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों की अनुकंपा नियुक्ति की तैयारी चल रही है। समिति की अगली बैठक में इस पर मुहर भी लग सकती है। अनुकंपा नियुक्ति का इंतजार कर रहे 49 पात्र लोगों की निगम मुख्यालय में सूची चस्पा किया गया है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। नगर पालिक निगम में सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के आश्रित परिवारों के अनुकम्पा नियुक्ति हेतु निगम मुख्यालय में प्रकरण प्राप्त हुए है। अनुकंपा आवेदन का छानबीन करने पर 49 प्रकरण पाये गये और उनके अनुसार सूची तैयार की गई है। यदि कोई आवेदकों का नाम सूची में शामिल नहीं है, वे 07 दिवस 01 जनवरी 2025 तक अपना दावा समस्त दस्तावेज के साथ आवेदन आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग के स्थापना शाखा में जमा करें। सूची का प्रकाशन नगर पालिक निगम के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। बता दें कि दावा आपत्ति के बाद कार्रवाही कर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर जल्द अनुकम्पा नियुक्तियां होंगी। प्रदेश सरकार अनुकंपा नियुक्ति के मामले को लेकर काफी गंभीर है।

### भवन निर्माण हेतु 37 लाख रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग नगर विधानसभा के वार्ड 55 पुलगांव में ठाकुर पान ठेला से 100 मीटर की दूरी पर पानी पाऊच फैक्ट्री के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 37 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा की जाएगी।

### पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनसुार ग्राम खेदामारा निवासी विकास यादव की मृत्यु 02 नवम्बर 2022 को नहाने के दौरान पानी में डुबने से हुई थी। इसी प्रकार इंदिरा नगर हथखोज निवासी श्रीमती मंजू देवी की मृत्यु 09 अक्टूबर 2021 को आग में जलने से हुई थी। कलेक्टर द्वारा मृतक विकास यादव के पिता कुमार यादव को और मृतिका मंजू देवी की पति गोविंद कुशवाहा प्रत्येक को 4-4 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई है।

### बिजली कंपनी के अफसरों ने परिजनों को नहीं दी मुआवजा राशि

**दुर्ग।** बालोद जिले के सुरेगांव निवासी सुनहरे ठाकुर की बिजली पोल में काम करते समय करंट से मौत हो गई थी। लाइन मैन के जगह उसे बिजली पोल में काम कराया जा रहा था। लापरवाही से उसकी करंट लगने से मौत हो गई थी। मामले को पन्द्रह दिन से ज्यादा हो चुका है, लेकिन बिजली कंपनी के अफसरों ने परिजनों को मुआवजा राशि उपलब्ध नही कराई हैं। मृतक के बडे भाई जेडराम ने बताया कि, बिजली कंपनी के अफसर मुआवजा राशि में समय लगने की बात कह रहे हैं। उल्लेखनीय है कि, 11 हजार केव्ही के करंट से युवक खंबे में ही जल गया। इस घटना के बाद विगत नौ दिसंबर को संविदा में कार्यरत लाइन स्टाफ कर्मचारियों ने दुर्ग डिविजन के कार्यालय में प्रदर्शन भी किया था। उन्होने मृत युवक को मुआवजा और नौकरी देने की मांग रखी थी। दुर्ग क्षेत्र में समस्त क्षेत्रों से आए विद्धुत संविदा कर्मचारी एवम महासंघ के शीर्ष प्रतिनिधियों द्वारा मृत स्व सुनहेर ठाकुर को श्रध्दांजलि देकर प्रदर्शन और मुख्य अभियंता दुर्ग क्षेत्र को ज्ञापन सौंपा दिया था। लेकिन अब तक परिजनों को राहत राशि उपलब्ध नही कराई गई हैं।

प्रवचन

**वेदी पूजन के बाद कथावाचिका देवी गीतांजलि शर्मा ने सुनाई गौकर्ण कथा**

# संजयनगर में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा पहले दिन निकाली गई कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संजयनगर वार्ड क्रमांक 02 बालोद में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 29 दिसंबर से 6 जनवरी तक किया गया है। कथावाचिका देवी गीतांजलि शर्मा हैं। कथा दोपहर 1 बजे



से संध्या 5 बजे तक होगी। जय अम्बे महिला मानस मंडली संजयनगर बालोद द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर समिति द्वारा शहर में गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में समिति की महिलाओं के साथ अन्य महिलाओं ने भी भाग लिया।

कलश यात्रा के दौरान महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर विभिन्न रंगों से स्वयं के द्वारा सजाए गए कलश को सिर पर लेकर पंक्तिबद्ध होकर मुख्य यजमान के पीछे चलते हुए नगर का भ्रमण किया। कलश यात्रा कथा स्थल संजयनगर से प्रारंभ होकर मोखला मांझी मंदिर होते हुए नगर का भ्रमण कर पुनः कथा स्थल संजय नगर पहुंची। उसके बाद प्रथम दिन वेदी पूजन, गौकर्ण कथा कथावाचिका देवी गीतांजलि शर्मा द्वारा सुनाई गई।



### शुकदेव व परीक्षित कथा आज

30 दिसंबर को अमर कथा, शुकदेव, परीक्षित वराह अवतार कथा होगी। 31 दिसंबर को सृष्टि वर्णन, कपिल देवहुति व्याख्यान, सती चरित्र, शिव पार्वती विवाह कथा होगी। 1 जनवरी को ध्रुव, जड़भरत चरित्र, अजामिल चरित्र, प्रहलाद चरित्र कथा होगी। 2 जनवरी को श्रीगजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, रामजन्म, कृष्ण जन्म उत्सव, महाआरती की जाएगी। 3 जनवरी को बाललीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा, होली महोत्सव मनाया जाएगा। 4 जनवरी को महारास लीला, मथुरा गमन, कंसवंध, उद्धव प्रसंग, रूक्मिणी विवाह कथा होगी। 5 जनवरी को श्रीकृष्ण भगवान द्वारा 16108 विवाह कर उनका उद्धार वर्णन, वाणासुर संग्राम, सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष कथा होगी। 6 जनवरी को गीता ज्ञान, तुलसी वर्षा, हवन यज्ञ, कपिलादर्पण महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।






## शिव-पार्वती विवाह प्रसंग पर झूम उठे श्रद्धालु

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अछोटी नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से श्री हरि कीर्तन भजन का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ के प्रसिध्द कथावाचक कामता प्रसाद शरण छत्तीसगढ़ी भाषा में काफी आकर्षक ढंग से भगवान श्री राम के जीवन चरित को प्रस्तुत किया तो चारों तरफ जय जय श्रीराम के जयकारे गूंजने लगे। कामता प्रसाद लगातार चार घंटे तक भगवान श्रीराम के साथ साथ शिव-पार्वती विवाह व अनेक कथा को काफी मनमोहक और सरल ढंग से प्रस्तुत किया। कथावाचक कामता प्रसाद शरण ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पवित्र धरती माता कौशिल्या का जन्मस्थल है और भगवान श्री राम ननिहाल है इसलिए छत्तीसगढ़ में भांचा को बहुत सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के जीवन चरित को आत्मसात करने की जरूरत है। श्री कामता प्रसाद ने क्षेत्र के पैरी उद्गम भाठीगढ़ को बहुत पवित्र स्थल के साथ धार्मिक आस्था केन्द्र का बताते हुए कहा कि माता पार्वती के आगमन के बाद इस पहाड़ी से पैरी नदी का उद्गम हुआ है, जिससे आज पूरे प्रदेश में चारों तरफ खुशहाली देखने को मिल रही है। अन्य क्षेत्रों में भले सूखा पड़ जाये लेकिन मां पैरी के आशीर्वाद से इस क्षेत्र में कभी अकाल नहीं पड़ता। उन्होंने सभी लोगों से कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से गांव के साथ साथ पूरे प्रदेश में सुख शांति समृध्दि खुशहाली बनी रहती है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच घनश्याम दिल्लीवार, मधु साहू, बिरेंद्र दिल्लीवार, शिव नारायण दिल्लीवार, प्रवीण दिल्लीवार, लोकेश दिल्लीवार, गिरीराज अमृत, झम्मन, खूम कोने, प्रीतम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम सुरपा में सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती मनाई गई। गोधूलि बेला में जय स्तंभ पर समाज की ओर से शंकर राव नारंग द्वारा पालो चढ़ाया गया।

इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के साथ शिक्षक राजेंद्र मारकंडे, असोगा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मध्यमंडल निवर्तमान अध्यक्ष खेमलाल साहू, रवि सिन्हा जनपद सदस्य पाटन, सेवा सहकारी समिति सुरपा के प्राधिकृत अधिकारी नारद साहू, सेवा सहकारी समिति निपानी के प्राधिकृत अधिकारी बेणीराम साहू, ग्राम पंचायत सुरपा सरपंच रेखा साव, पूर्व सरपंच डॉ. सरोज साव, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद जैन सहित सामाजिक जन ग्रामवासी उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता राजेंद्र कुमार मार्कण्डेय शिक्षक ने की। सांसद विजय बघेल ने कहा कि 268 साल पहले इस धरा पर संत शिरोमणी बाबा गुरु घासीदास का जन्म हुआ। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। बाबा गुरु घासीदास ने हमें सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। सांसद बघेल के समक्ष सतनाम धर्म जागरूक युवा संगठन के अध्यक्ष ने सतनामी समाज सुरपा के मांग पत्र का वाचन किया। इसके तहत मॉडल जय स्तंभ एवं डोम सेट निर्माण की मांग की गई। इस पर सांसद विजय बघेल ने मॉडल जयस्तंभ निर्माण का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य पाटन रवि सिन्हा, सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी नारद साहू, सेवा सहकारी समिति निपानी के प्राधिकृत अधिकारी बेणीराम साहू, भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य प्रमोद जैन, गिरधरलाल नारंग, पृथ्वीराज मारकंडे, चंद्रहास मोरैया, महेश मारकंडे, देवानंद देवांगन एवं नरेंद्र धारगुड़ी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

**शिविर में 24 कुंडीय गायत्री यज्ञ की महिमा सुनवाई**

## सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर स्वयंसेवकों ने बताए अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसमड़ा व पूरई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। कार्यक्रम में हेमचंद विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक जिनेन्द्र कुमार दीवान व सुराना कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी उमेश कुमार वैद्य ने स्वयंसेवकों को व्यक्तित्व विकास के बारे में मोटिवेट किया।

सहायक प्राध्यापक व कार्यक्रम समन्यक जिनेन्द्र कुमार दीवान ने बच्चों से सात दिवसीय शिविर के अनुभव के संबंध में चर्चा की। युगल किशोर साहू (दिया संस्था) ने कहानी के माध्यम से बच्चों को मोटिवेट किया। पीएल साव ने भी बच्चों में ऊर्जा का संचार किया।







गायत्री संस्था के ब्लॉक अध्यक्ष नरेन्द्र सिन्हा, गोवर्धन साहू, नितिन चंद्राकर, युवराज साहू, उमेश साहू, राधेश्याम साहू ने 24 कुण्डीय गायत्री यज्ञ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यज्ञ में पूर्वी साहू, नीलम निषाद, विमल साहू, प्रेरणा साहू ने दीक्षा ग्रहण की। कार्यक्रम में पूरई स्कूल से संतोष लहरे, अनिता पारखे, अंजलि लहरे, भुनेश्वरी चंद्राकर, सुनीता श्रीवास्तव, डॉ. तृप्त कश्यप, पदमा सहारा, नन्द कुमार साहू, राजेश देवांगन, रसमड़ा स्कूल से वर्षा वर्मा, विष्णु नोर्के, संजय नायडू, दुर्गेश शुक्ला ने अपनी उपस्थिति दी। गायत्री शक्ति पीठ कोड़यि को सात दिवसीय शिविर में सहयोग प्रदान करने के लिए कार्यक्रम अधिकारी जयपाल सिंह गाँवरे व्याख्याता व विनोद कुमार सिन्हा ने आभार प्रदर्शन किया।

## ब्लाक कांग्रेस गुण्डरदेही ने पूर्व पीएम डॉ मनमोहन को दी श्रद्धांजलि



**गुण्डरदेही।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्त्व का पुण्य स्मरण करते हुए योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर एवं वित्त मंत्री के रूप में आर्थिक उदारीकरण के लिए दीर्घकालिक नीति, प्रधानमंत्री के रूप में मनरेगा, शिक्षा, सूचना और भोजन को जनता का कानूनी हक एवं अमेरिका से न्यूक्लियर डील को महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही अध्यक्ष भोजराज साहू, संजय साहू, केके राजू चंद्राकर, जोन अध्यक्ष सलीम खान, रूपचंद जैन, तरुण पारकर, डॉ मानसिंह सार्वा, रामस्वरूप साहू, सोहन सोनी, लिखन निषाद, निजानंद चंद्राकर सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बोरई में मनरेगा मजदूरों ने पूर्व पीएम डॉ मनमोहन को दी श्रद्धांजलि



**अंडा।** ग्राम बोरई में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर मनरेगा कार्य स्थल पर कार्यरत मजदूर और ग्रामीणों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस दौरान वक्ताओं ने डॉक्टर मनमोहन सिंह के देश में उदारीकरण, खाद्य सुरक्षा का अधिकार, सूचना के अधिकार, शिक्षा का अधिकार, यूनिक आई डी नंबर आधार सहित महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जैसे कार्यों का उल्लेख किया। लोगों ने कहा कि गांव के हर ऐसे परिवार जो रोजगार चाहता हो, उन्हें 100 दिन का कार्य उपलब्ध कराने की गारंटी मनरेगा के माध्यम से मिलती है। यह योजना ग्रामीण विकास के साथ ही गरीबी उन्मूलन की दिशा में बेहतर कदम साबित हुई। श्रद्धांजलि सभा में मनरेगा मजदूर सुखराम साहू, बहुरु साहू, पांचो बाई साहू, ललिता साहू, पार्वती साहू, सुनीता ढीमर, विंदा साहू, सोहदरा साहू, सतरूपा यादव, राधा देशमुख जनप्रतिनिधियों में पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ रिवेंद्र यादव, रोहित साहू, कैलाश सिन्हा,पूर्व पंच लोकेश बंजारे, महेंद्र साहू, बिहान समूह की शशि साहू, अहित सिन्हा सहित रोजगार सहायक व तकनीकी अधिकारी भी मौजूद रहे।

## सकरौद में हुआ कवि सम्मेलन

**गुण्डरदेही।** ग्राम सकरौद के शीतला मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत यज्ञ के मंच पर रात्रि में आंचलिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।



कवि सम्मेलन में गीतकार शिवकुमार अंगारे, केशव राम साहू, विजय कुमार टंडन, योगेश छत्तीसगढ़िया एवं जलज ताम्रकार ने भाग लिया। सभी कवियों ने धरती के सिंगार, पेड़ पौधे, लोक परंपरा, जड़कला, नशा मुक्ति अभियान, महिला जागृति आदि विषयों के साथ हास्य रचनाओं के माध्यम से ऊर्जा भरने का प्रयास किया। कविता के माध्यम से बताया कि भागवत वेद के मंत्र को हमारे पूर्वज लोग अक्षरशः जिया करते थे। कार्यक्रम में सरपंच ममता देशमुख, उप सरपंच पवन देवांगन, पूर्व सरपंच नरेंद्र यादव, तामेश्वर देशमुख, मिथिलेश देशमुख, प्रदीप साहू, दुर्योधन देवांगन, दिनेश साहू, राजकमल नागरची, लक्ष्मीकांत देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सक्षम जन फाउंडेशन के सदस्यों ने की बुजुर्गों की सेवा



**अंडा।** सक्षम जन फाऊंडेशन के सदस्यों ने फील परमार्थम में जाकर बुजुर्गों के साथ समय बिताया। वहां किए जाने वाले कार्यों के लिए संस्था के सभी सदस्यों द्वारा की जा रही सेवा के लिए अमित भाई द्वारा समाज में एक अलग पहचान बनाई। सक्षम जन फाऊंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद जैन सिंघल सचिव हरि सिंह सोलंकी अरुण वर्मा शंशाक जैन लोकेश बिलोने मोहन नीमा पनरीया सुमन ठाकुर मानव सेवा परिसर और जैन समाज के युवा समाजसेवी प्रदीप साधना जैन बाकलीवाल अरुण सुनीता जैन पूजा आदि समस्त सदस्य उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं प्रदान की।

**आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में रविवार को हुई श्रद्धांजलि सभा**

## राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कमला दीदी व बीके ओमप्रकाश को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





अध्यात्म जगत की महान विभूति छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान में अध्यात्म की अलख जगाने वाली प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के इंदौर जोन की क्षेत्रीय निर्देशिका एवं सुरक्षा सेवा प्रभाग की राष्ट्रीय समन्वयक राज योगिनी ब्रह्माकुमारी कमला दीदी के स्मृति दिवस एवं इंदौर जोन की पूर्व क्षेत्रीय निदेशक एवं मीडिया प्रभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीके ओमप्रकाश भाई की नौवीं पुण्यतिथि पर आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में रविवार को भावभिनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बालोद की ब्रह्माकुमारीज की संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने इंदौर जोन की स्थापना से लेकर अब तक जोन की उत्थान में और बीके भाई बहनों की आध्यात्मिक उन्नति के लिए भाई जी के द्वारा किए गए प्रयासों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि भाई जी ने अनेक ऐसे कार्य किये जो कि यज्ञ में उनसे पहले तक किसी ने नहीं किया था। उन्होंने यज्ञ में पहली बार मूर्तियों के माध्यम से संग्रहालय का निर्माण सेवा केंद्रों में क्लासरूम से अलग बाबा का योग अनुभूति कक्ष बनाना, अध्यनरत कन्याओं के लिए शक्ति निकेतन छात्रावास का संचालन जैसे उनके हर कार्य सुव्यवस्थित और योजना बद्ध हुआ करते थे। वे हर कार्य में नवीनता के पक्षधर थे। इस अवसर पर बाबा को भोग स्वीकार कराया गया। उसके बाद ब्रह्माकुमारी बहनों ने भाई जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी, तत्पश्चात क्लास के सभी भाई बहनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

